# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:.....................** **Date:...........................**

## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS COMPILED BY MEDIA CELL (18.06.2025)

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR**
**DATE:18.06.2025, PAGE-06**

# बीआरएबीयू में 23 को एलुमनी मीट

मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू में 23 जून को सीनेट हॉल में एलुमनी मीट का आयोजन होगा। एलुमनी मीट में जूलॉजी विभाग के पूर्ववर्ती छात्र शामिल होंगे। इसमें वर्ष 1970 से लेकर अबतक के पूर्ववर्ती छात्र रहेंगे। एलुमनी मीट का आयोजन अमेरिका में रहनेवाले बीआरएबीयू के पूर्ववर्ती छात्र चंद्रेश्वर शर्मा कर रहे हैं। मीट को लेकर गुरुवार को फिर से विवि प्रशासन से आयोजक मिलेंगे।

# दीक्षांत समारोह के लिए राजभवन से मांगा समय

मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू प्रशासन ने दीक्षांत समारोह के लिए राजभवन से समय मांगा है। विवि ने इसके लिए 16 से 30 जुलाई के बीच की तिथि तय की है। विवि में कई वर्षों से दीक्षांत समारोह का आयोजन नहीं हुआ है। कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय ने इसबार दीक्षांत समारोह कराने की पहल की है। दीक्षांत की तारीख नहीं आने से सत्र 2024 के छात्रों को मूल प्रमाणपत्र भी नहीं मिल पा रहा है।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR
## BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR
## PIN-842001 (BIHAR)
**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**


HINDUSTAN, MUZAFFARPUR
DATE:18.06.2025, PAGE-06


### बीआरएबीयू : दाखिले को सबसे ज्यादा आवेदन अंगीभूत कॉलेजों में आये

# 1.58 लाख आवेदन, डेढ़ लाख सीटें रहेंगी खाली

**स्नातक**

**मुजफ्फरपुर, प्रसं।** बीआरएबीयू में स्नातक के सत्र 2025-29 के लिए 1.58 लाख छात्रों ने आवेदन किये हैं। इस वर्ष 132 कॉलेजों में दाखिला होगा। इनमें 42 अंगीभूत कॉलेज हैं। स्नातक में लगभग तीन लाख सीटें हैं। इसलिए इसबार डेढ़ लाख सीटें खाली रह जाएंगी। सबसे ज्यादा आवेदन अंगीभूत कॉलेजों में आये हैं। इसके बाद अनुदानित और संबद्ध कॉलेजों में।

डीएसडब्ल्यू प्रो. आलोक प्रताप सिंह ने बताया कि दाखिला लेने से पहले 19 जून को एडमिशन कमेटी की बैठक होगी। बैठक में दाखिले की प्रक्रिया पर विचार किया जायेगा। सबसे अधिक आवेदन इतिहास विषय में आये हैं। 22 या 23 जून को दाखिले के लिए मेरिट लिस्ट जारी की जायेगी।

**वोकेशनल में 3442 छात्रों ने किये आवेदन:** वोकेशनल कोर्स में अबतक 3442 आवेदन आये हैं। सीसीडीसी प्रो. मधु सिंह ने बताया कि 20 जून तक आवेदन लिये जाएंगे। 25 जून को प्रवेश परीक्षा होगी। इसके बाद अगर सीट खाली रहेगी तो ऑनस्पाट एडमिशन का विकल्प दिया जायेगा। इसके लिए पोर्टल को एक बार फिर खोला जायेगा।

**क्रेडिट मिलने में भी होती है परेशानी:** विवि में सीबीसीएस के तहत छात्रों को कक्षाओं के आधार पर क्रेडिट दिया जाना है। विषयवार जितनी कक्षाएं होंगी वह क्रेडिट के अनुसार तय है, लेकिन कक्षाएं कम होने से छात्रों को पूरा क्रेडिट नहीं मिल पा रहा है। प्राचार्यों और पीजी विभागों को निर्देश दिया जायेगा कि वह परीक्षाओं से पहले सिलेबस को पूरा कर लें। सिलेबस को पूरा करने के लिए कॉलेज और पीजी विभाग क्रैश कोर्स भी चला सकते हैं।



**132** कॉलेजों में होना है नामांकन, कुल तीन लाख हैं सीटें

- दाखिले से पहले 19 जून को एडमिशन कमेटी की होगी बैठक, प्रक्रिया की जाएगी तय

### बीआरएबीयू में तीन महीने से कम नहीं चलेंगी कक्षाएं

बीआरएबीयू में नये सत्र में कम से कम तीन महीने तक कक्षाएं चलेंगी। विवि प्रशासन इसकी तैयारी कर रहा है। एक सेमेस्टर में छह महीने कक्षाएं चलानी होती हैं, लेकिन बीआरएबीयू में लगातार परीक्षाओं के कारण पूरी कक्षाएं नहीं हो पाती हैं। डीएसडब्ल्यू प्रो. आलोक प्रताप सिंह ने कहा कि कक्षाओं की संख्या बढ़ाने पर जल्द ही कुलपति से बात की जायेगी। स्नातक से लेकर पीजी तक में सिलेसब पूरा नहीं होने की समस्या छात्रों के सामने रहती है। बीते दिनों पीजी प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा का फॉर्म कक्षा शुरू होने के एक महीने के भीतर ही जारी कर दिया गया था। काफी विरोध के बाद इसपर कुछ दिनों के लिए रोक लगी थी। विवि प्रशासन तैयारी कर रहा है कि सिलेबस पूरा होने के बाद ही परीक्षा ली जाये।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:.....................** **Date:...........................**


DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR
DATE:18.06.2025, PAGE-04


## एलुमनी मीट में जुटेंगे जूलाजी के पूर्ववर्ती छात्र

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के जूलाजी विभाग के पूर्ववर्ती छात्रों के लिए एलुमनी मीट का आयोजन होगा। 23 जून को विश्वविद्यालय सीनेट हाल में जूलाजी के पूर्ववर्ती छात्र जुटेंगे। इसके लिए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। कार्यक्रम में 1970-80 के दशक के पूर्ववर्ती छात्र शामिल होंगे। कार्यक्रम का आयोजन चंदेश्वर शर्मा की अगुआई में होना है। इसकी अंतिम रूपरेखा तैयार करने के लिए गुरुवार को बैठक होगी।

## पीजी में एक ट्रेमेस्टर की पढ़ाई होगी अनिवार्य

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में पीजी में कम से कम एक ट्रेमेस्टर (तीन महीने) की पढ़ाई अनिवार्य होगी। इससे कम अवधि में किसी भी स्थिति में परीक्षा फार्म नहीं भरा जाएगा और परीक्षाएं नहीं होंगी। पीजी में पठन-पाठन की गुणवत्ता को सुधारने और अधिक से अधिक कक्षाओं के संचालन को लेकर विश्वविद्यालय की ओर से इसका प्रस्ताव तैयार किया गया है। अभी पीजी के सत्र को नियमित करने के लिए नामांकन के दो महीने के भीतर ही परीक्षा फार्म भराने से लेकर परीक्षा का आयोजन करा दिया गया था।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

**PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE :18.06.2025, PAGE-04**

## विवि. 19 को नामांकन समिति की बैठक में सीटों पर लेंगे निर्णय

# स्नातक में दाखिले के लिए अगले हफ्ते जारी की जायेगी मेधा सूची

### 1.60 लाख आवेदन

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरएबीयू में स्नातक सत्र 2025-29 में दाखिले के लिए आवेदन की प्रक्रिया मंगलवार को समाप्त हो गयी. शाम तक करीब 1.60 लाख छात्र-छात्राओं ने पोर्टल पर आवेदन किया था. अब गुरुवार को विवि में नामांकन समिति की बैठक होगी. इसमें सीटों पर निर्णय लिया जायेगा. वहीं कॉलेजों में एक समान फीस की व्यवस्था को सख्ती से लागू करने को लेकर निर्देश दिये जायेंगे. कहा गया है कि सभी कॉलेजों में स्नातक में दाखिले के लिए एक समान फीस होगा. बैठक में कॉलेजवार सीटों की स्थिति व सीट बढ़ाने के प्रस्ताव को भी रखा जायेगा.

### कॉलेजों में एक समान फीस की व्यवस्था सख्ती से होगी लागू

### आवंटित कॉलेज में लेना होगा नामांकन

विवि की ओर से जारी मेधा सूची मे विद्यार्थियो को जो कॉलेज आवंटित किया जायेगा. उसी मे दाखिला लेना होगा. नामांकन नही लेने की स्थिति मे वह सीट अगली सूची मे दूसरे छात्र को आवंटित कर दी जायेगी. बाद मे उसका दावा मान्य नहीं होगा. कॉलेजों को भी कहा गया है कि वे आवेदन मे दिये गये ब्योरे के अनुसार छात्रों से प्रमाणपत्र लें. यदि कोई छात्र कोटि का विकल्प दिया हो और प्रमाणपत्र नही हो तो नामांकन नहीं लिया जायेगा.

### 140 कॉलेजों में तीन लाख से अधिक सीटें

अंगीभूत व संबद्ध 140 कॉलेजों मे स्नातक मे दाखिले के लिए करीब तीन लाख सीटें निर्धारित है. ऐसे मे इसबार 1.60 लाख ही आवेदन आये हैं. पिछले वर्ष ऑनस्पॉट राउंड मे 25 हजार से अधिक छात्रों ने दाखिला लिया था. इसबार ऑनस्पॉट नामांकन पर अबतक निर्णय नही लिया जा सका है. पिछले सत्र मे स्नातक मे 1.60 लाख से अधिक छात्रों ने नामांकन लिया था. इसबार आवेदन भी कम आये हैं. कई बार तिथि बढ़ाने के बाद भी पिछले वर्ष से कम आवेदन आये.

इंफ्रास्ट्रक्चर के अनुसार सीटों का निर्धारण किया जायेगा.जिन विषयों में विद्यार्थियों की अधिक रुचि है, उसमें सीटों की संख्या बढ़ाने पर भी निर्णय लिया जायेगा. पिछले सत्र में कुछ कॉलेजों में सीटों की संख्या बढ़ाई गयी थी. ऐसे में नये सत्र में सीटों की वृद्धि प्रभावी होगी या नहीं इसपर भी चर्चा के बाद निर्णय होगा. अध्यक्ष छात्र कल्याण प्रो आलोक प्रताप सिंह ने बताया कि 19 जून को नामांकन समिति की बैठक होनी है. आवेदन की प्रक्रिया समाप्त हो चुकी है. उम्मीद है कि 22-23 जून तक मेधा सूची जारी कर दी जायेगी.

□ वेबसाइट पर खबर पढ़ने के लिए इसे स्कैन करें.

**Ref:....................** **Date:..........................**

DAINIK BHASKAR, MUZAFFARPUR, DATE:18.06.2025, PAGE-06

तैयारी • पैट के पहले पोर्टल पर विषयवार अपलोड की जाएंगी रिक्तियां

# पीएचडी के लिए 3 विषयों में सीट खाली नहीं, खाली होने पर शोधार्थियों को मिलेंगे गाइड

एजुकेशन रिपोर्टर | मुजफ्फरपुर

बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में पैट 2023 व 2024 के लिए जूलॉजी, कॉमर्स और सोशियोलॉजी विषय में अभी कोई रिक्ति नहीं है। जबकि, अभ्यर्थियों ने दोनों सत्र में आवेदन कर दिया है। अब विश्वविद्यालय में इस बात पर सहमति बनी है कि अगले कुछ महीनों में जैसे-जैसे इन विषयों में सीट खाली होगी, शोधार्थियों को गाइड आवंटित किए जाएंगे। इन विषयों में रिक्ति की गणना करते हुए विभागाध्यक्षों से रिपोर्ट मांगी गई है। विश्वविद्यालय में दो सत्र के पीएचडी एडमिशन की प्रक्रिया एक साथ पूरी की जा रही है। इसके लिए पहले कहा गया था कि जिन विषयों में रिक्ति होगी, उसी में आवेदन लिया जाएगा। विभागों से रिक्ति की अपडेट स्थिति के बारे में पूछा गया। हालांकि, इसमें बड़ी लापरवाही सामने आई। आवेदन के लिए 12 जून तक का समय दिया गया था। तब तक अधिकतर विभागों ने रिक्ति की जानकारी नहीं दी। हालांकि, आवेदन प्रक्रिया पूरी होने के बाद किसी तरह सभी विभागों ने रिक्तियों की रिपोर्ट भेज दी है। 3 विभागों में कोई सीट खाली नहीं होने की बात सामने आई है। इससे विश्वविद्यालय के सामने असमंजस की स्थिति बन गई।

## अभ्यर्थियों को आवेदन शुल्क लौटा देने पर भी की गई चर्चा

पहले इस बात पर भी चर्चा हुई कि जिन विषयों में रिक्ति नहीं है, उसके अभ्यर्थियों को आवेदन शुल्क रिफंड कर दिया जाए। यह भी कहा गया है कि छात्रों ने पीएचडी में एडमिशन की उम्मीद में आवेदन किया है। ऐसे में विश्वविद्यालय प्रशासन छात्रहित को देखते हुए निर्णय ले। डीएसडब्ल्यू प्रो. आलोक प्रताप सिंह ने बताया कि 3 विषयों में अभी रिक्ति नहीं है। परीक्षा, रिजल्ट और साक्षात्कार में समय लगेगा। इसके बाद प्री-सबमिशन तक गाइड आवंटित करने का समय रहता है। तब तक इन विभागों में सीट खाली हो जाएगी।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:.....................** **Date:...........................**


DAINIK BHASKAR
MUZAFFARPUR
DATE:18.06.2025, PAGE-06


# स्नातक में नामांकन के लिए अगले सप्ताह जारी होगी पहली मेरिट लिस्ट

एजुकेशन रिपोर्टर | मुजफ्फरपुर

बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में स्नातक सत्र 2025-29 में नामांकन के लिए अगले सप्ताह पहली मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी। इसके लिए विश्वविद्यालय की ओर से तैयारी शुरू कर दी गई है। ऑनलाइन आवेदन के लिए मंगलवार रात 11.59 बजे तक पोर्टल खुला था। देर शाम तक 1.55 लाख से अधिक अभ्यर्थियों ने आवेदन किया। बताया गया कि अपडेट होने के बाद आंकड़ा बढ़ेगा। वहीं, मेरिट लिस्ट तैयार करने से पहले विश्वविद्यालय में नामांकन समिति की बैठक होगी। इसमें विषयवार सीट तय करने के साथ ही फीस पर भी निर्णय लिया जाएगा। विश्वविद्यालय के अंगीभूत व संबद्ध कॉलेजों में स्नातक के लिए 3 लाख से अधिक सीट है। इस बार मेरिट लिस्ट तैयार करने से पहले विषयवार सीटों को संशोधित किया जाएगा। कई विषयों में जरूरत से अधिक सीटें हैं, तो करीब आधा दर्जन विषयों में अधिक आवेदन के कारण हजारों छात्र नामांकन नहीं ले पाते हैं। कॉलेजों की ओर से लगातार सीट वृद्धि के लिए आवेदन दिया जा रहा है। इस आधार पर नामांकन समिति की बैठक में सीटों को लेकर निर्णय किया जाएगा। विश्वविद्यालय में गुरुवार को नामांकन समिति की बैठक प्रस्तावित है। कॉलेजों में विषयवार उपलब्ध सीटों की समीक्षा के बाद नए सत्र में होने वाले नामांकन को लेकर स्थिति स्पष्ट की जाएगी। पिछले सत्र में कई कॉलेजों में हिंदी, राजनीति विज्ञान, भूगोल समेत अन्य विषयों में सीटों की वृद्धि की गई थी। नए सत्र में सीट वापस लिए जाएंगे या बढ़े सीटों पर ही एडमिशन होगा।

## एक समान फीस संरचना लागू करने पर विचार

दूसरी ओर स्नातक में नामांकन के समय विश्वविद्यालय को लगातार शिकायत मिलती है कि एक ही विषय के लिए कॉलेज अलग-अलग फीस लेते हैं। इस बार नामांकन की प्रक्रिया शुरू करने से पहले ही इसपर स्थिति स्पष्ट की जाएगी। स्नातक में एक समान फीस संरचना को लागू करने पर भी विचार किया जा रहा है। विश्वविद्यालय स्तर से इसकी निगरानी भी होगी। कोई भी कॉलेज तय शुल्क से अधिक नहीं ले सकेगा। इसकी अधिसूचना विश्वविद्यालय की ओर से जारी होगी।